# नगर पालिक निगम भिलाई

## त्रैमासिक संस्करण 2016
## (जुलाई से सितम्बर)




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान, खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी छेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मुलभुत सुविधाओं के साथ–साथ, शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शहर को प्रदूशण मुक्त करने एवं शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने की कार्य योजना को समय पर पुरा करने के साथ निगम भिलाई ई–गवर्नेन्स रिफॉर्म क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

# दुर्ग में खुले में शौच मजबूरी, भिलाई में शौच करने वालों को पहनाई टोपी और दि

हमारे प्रतिनिधि। दुर्ग.

[illegible]

## कुछ लोगों ने मानी गलती



[illegible]

# स्वचछता अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली



भिलाई (सबेरा संकेत)। रिसाली जोन क्रमांक 6 में स्वच्छता दूतों, सफाई कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा रिसाली की जनता को जागरूक करने एवं लोगों में सफाई के प्रति भागीदारी बढ़ाने हेतु आयुक्त नरेन्द दुग्गा, जोन 6 के अध्यक्ष भुपेश ठाकुर के नेतृत्व में रिसाली जोन के जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छ भारत के प्रति लोगों में जागरूकता लाने रैली निकाल कर घर, दुकान, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों को भागीदारी हेतु संदेश दिया।

रैली के दौरान जिन घरों, सब्जी मंडी, किराना दुकानों, पान ठेले, चाय दुकानों पर अच्छी साफ-सफाई पायी गई उन्हें स्वच्छता मितान बनाया गया। सभी के हाथों में स्वच्छता रिबन बांधा गया। उन लोगों को अपनी दुकान के सामने डस्टबीन रखने दुकान पर आने-जाने वाले लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने हेतु सदेश दिया। रैली का समापन स्वच्छता परिचर्चा द्वारा किया गया जिसमें सफाई कर्मचारी, पार्षदगण, जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त ने अपने विचार रखें। स्वच्छता जब तक जन आन्दोलन नहीं बनेगा, हर व्यक्ति स्वच्छता के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी नहीं समझेगा तब तक नगर को स्वच्छ व सुन्दर रखने का सपना साकार नहीं हो पायेगा। केवल नगर निगम निगम के कार्यों के सहारे सफाई अभियान सम्पूर्ण नहीं हो सकता है, निगम के अपने सीमित संसाधन है जिसमें सब कुछ करना हैं।

# फूल भेंट करके कहा, नहीं करें गंदगी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भिलाई** . निगम की टीम ने ओडीएफ वार्ड बनाने के लिए नया तरीका अपनाया है। शुक्रवार को 59 लोगों की टीम सुबह 5 से 8 बजे तक विभिन्न वार्डों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घरों में बनाए गए शौचालयों के उपयोग की जांच करने के लिए अभियान चलाया। खुले में शौच करने वाले 225 लोग पकड़े। कर्मचारियों ने पहले तो इन्हें गुलाब भेंटकर सम्मानित किया, फिर जोकर टोपी पहनाया। शौचालय का उपयोग की हिदायत दी। दूसरी बार पकड़े जाने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी देकर छोड़ा।

निगम की टीम ने कोहका, आर्य नगर, छावनी, फरीद नगर, कुरुद, नेवई, रुआबांधा , रिसाली, सहित अन्य वार्ड में अभियान चलाया। 55 घरों में शौचालय निर्माण होने के बाद भी खुले में शौच करने की जानकारी जुटाई। 40 ऐसे लोगों को चिन्हित किया। जो रोजी मजदूरी के लिए यहां आएं हैं, लेकिन साइट पर काम करते हैं और खुले में शौच करते हैं। 110 घरों शौचालय निर्माणाधीन होने की वजह से बाहर जाने की जानकारी दी। 10 लोगों ने शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया।



**सम्मान...**खुले में शौच करने वालों का सम्मान करते हुए निगम के अधिकारी।

# प्लीज, शहर को साफ रखने में मदद कीजिए



**समझाईश...**खुले में शौच के लिए जाने वालों को समझाईश देते कर्मचारी।

**भिलाई** . खुले में शौच करने वालों को समझाइश देने के लिए भिलाई तीन चरोदा निगम के अधिकारियों ने गांधीगिरी का रास्ता अपनाया। निगम की टीम अलसुबह 5 से लेकर 8 बजे तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में तैनात रही। वे शौच के लिए जा व आ रहे हरके व्यक्ति को हाथ जोड़कर समझा रहे थे। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस बार समझाइश देकर छोड़ रहे हैं। आयुक्त सौम्या चौरसिया ने कह कि जिनके घर में शौचालय बन चुका है, ऐसे लोग खुले में शौच कर रहे है। उन्हें समझाया जा रहा है। दोबारा पकड़े गए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिक निगम भिलाई

# वृक्षारोपण करके श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव मनाया

**भिलाईनगर**/श्री कृष्ण जन्माष्टमी के जन्म अवसर पर सभी लोग अपने-अपने तरिके से खुशियां मना रहे थे उसी के तहत केम्प 2 तालाब के किनारें वार्ड 22 में आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा वहां के निवासियों जनप्रतिनिधियो के साथ वृक्षारोपण करके श्री कृष्ण भगवान को याद किया। आयुक्त दुग्गा ने कहा श्री कृष्ण का जीवन चरित्र प्रकृति अनुरूप था उन्होनें स्वंय अपना बाल्यवस्था वृन्दावन में गाय चराते हुए प्रकृति के बीच मे व्यतित किये, शिक्षा भी जगलो में रहकर मित्र सुदामा के साथ लकडियाॅ बिनते हुए पूर्ण किये थे। हम सब लोग भी एक-एक वृक्ष लगाकर श्री कृष्ण जन्मउत्सव को सार्थक कर सकते हैं। लगाये गये वृक्षो में नीम, करण, गुलमोहर, पीपल, आॅवला आदि के वृक्ष वार्ड पार्षद विनोद चेलक, स्थानीय निवासी त्रिलोचन सिंह, लतेल यादव, कृष्णा राव, परसराम साहू, पी.वासुदेव, राजेश यादव, नरेन्द्र यादव, राजू यादव, मितानीन संध्या बंजारे, ममता चन्द्रवंशी, परवेज आलम, निगम के सब इंजीनियर वेश राम सिन्हा, स्वास्थ्य निरीक्षक जगननाथ कुशवाहा, विवेक रंगनाथ आदि मिलकर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत् साफ-सफाई किये, तालाब के किनारे ग्रीन बेल्ट बनाने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के पश्चात् आयुक्त श्री द ुग्गा ने केम्प 2 तालाब घाटा का दौरा किया तालाब में 4 कुन्ड बनाने चैनगिलं कराने का कार्य जोन अधिकारियों से कहा। कुन्ड बनाने से ज्योति विर्सजन एवं प्रतिमा विसर्जन में आसानी होगी प्रदुर्षण नही होगा।





# स्वच्छता को लेकर महापौर का शतत् दौरा जारी

**भिलाईनगर**/ महापौर देवेन्द्र यादव शहर की स्वच्छता के लिए लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं, इसी कड़ी में जोन 6, रिसाली के विभिन्न वार्डों का मौका मुआयना किया। उन्होंने रिसाली आजाद मार्केट रोड का पैदल भ्रमण कर व्यापारियों से शहर को साफ एवं सुंदर बनाने में निगम का सहयोग कि अपील की है। भ्रमण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे बिखरे कचड़े को देखकर व्यापारियों से कहा कि , इस तरफ अपने दैनिक उपयोग से निकलने वाले कचरे को सड़क पर डालने से निगम की सफाई व्यवस्था चैपट नजर आती है। निगम का सफाई कर्मी सुबह आपके दुकान खुलने से पूर्व सड़क की सफाई कर जाते हैं, और आप लोगों के द्वारा दुकान खोलने के बाद दुकान से निकले कचरे को रोड पर डाल देते हैं, जिसके कारण निगम की मेहनत निरर्थक हो जाती है। महापौर श्री यादव क्षेत्र ने स्वच्छता निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक को मौके पर लगे सफाई कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रत्येक की उपस्थिति जांच किये तो पंजी में दर्ज 29 कर्मचारी के विरूद्ध 05 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गए। जिस पर महापौर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि, इस तरह अव्यवस्था का आलम को तुरंत बदलें। उन्होनें मौके पर ही सफाई कामगार उपलब्ध कराने वाले एजेंसी के प्रतिनिधियो को बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए दस हजार रूपये जुर्माना ठेकेदार के उपर लगाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक को दिये, और कहा कि इसकी लिखित सूचना मुझे, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के समिति प्रभारी को उपलब्ध करावें।





## मुख्य कार्यालय,जोन कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया

**भिलाईनगर**/स्वतंत्रता दिवस के 70 वें वर्ष गाठ पर निगम मुख्य कार्यालय सुपेला मे महापौर देवेन्द्र यादव पार्षद रिकेश सेन, जोन अध्यक्ष सूर्यकांत, सिन्हा, श्रीनिवास राव, पार्षद श्रीमती मालती ठाकुर, नेहा साहू, छोटे लाल चैधरी, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, श्रीमती रेडडी, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति मे ध्वजारोहण किया गया। पश्चात् आजादी की प्रतिक स्वरूप गुब्बारें छोडा गया। इस अवसर पर साडा एवं निगम मे अपनी 25 वर्ष सेवापूर्ण करने वाले 169 अधिकारी एवं कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही निगम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 10 कर्मचारियो को जिला दुर्ग में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मे केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय एवं जिलाधीश श्रीमती आर. शंगीता के हाथों स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पर्व स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यालय मे राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत कविता का पाठ रविशंकर कलोसिया, संजय शर्मा एवं अनिल मेश्राम ने किया। 77 एम.एल.डी मे कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, शहर के शहीद स्मारको मे ध्वजारोहण कर देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को पुष्पाजंली अर्पित कर नमन किया गया।






## उज्जवला योजना का सर्वे कार्य समय पर पूर्ण

**भिलाईनगर/**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। भिलाई निगम क्षेत्र के 23000 बी.पी.एल. परिवार को इस योजना से लाभान्वित करने निर्धारित समय पर फार्म भरवाकर कार्य पूर्ण करें। निगम क्षेत्र के आवासीय वार्डों में पषुपालन करने वाले मालिकों की सोमवार तक सूची तैयार कर जानकारी प्राप्त करें, कि गोबर का निष्पादन कहां कर रहे हैं, सड़क या गली मोहल्ले पर गोबर डालने वाले पशु मालिकों के खिलाफ नगर पालिक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जायेगा। आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने निगम सभागार में राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के तहत निगम क्षेत्र में निवास करने वाले 70 वार्ड के बी.पी. एल. परिवार को इस योजना का लाभ दिया जाना है। उन्होंने निगम क्षेत्र में कार्य कर रहे गैस एजेंसी के मालिकों से कहा कि, आपके एजेंसी में कोई हितग्राही सीधे फार्म लेकर जमा करने आता है, उसे स्वीकार करें एवं निगम को उसकी जानकारी देवें। उज्ज्वला योजना के लिए अलग से अपनी दुकान में अलग से काउंटर स्थापित करें, ताकि हितग्राहियों को ईधर–उधर भटकना ना पड़े। बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य अमले से आयुक्त ने कहा कि, स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता रैंकिंग के आधार पर हमें कार्य करना है। षहर में जहां कहीं भी निर्माण कार्य के मलबे अथवा कचरे का डंपींग स्थान पर कचरा तुरंत उठनी चाहिए। कार्यपूर्ण नहीं होने पर मलबे को उठाकर उसे ट्रेचिंग ग्राउंड में शिफ्ट करें, एवं भवन मालिक से जुर्माना वसूलें। उन्होनें स्वच्छता निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिये कि निगम के 70 वार्ड में सर्वे कर यह जांच करें, कि वार्ड में दो से अधिक पषुपालन कर रहे मालिकों का नाम, पता सहित पंचनामा तैयार कर उससे गोबर के निष्पादन की जानकारी प्राप्त करें। आयुक्त ने उनसे कहा कि आपके कालोनी से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे का सेग्रीगेषन कालोनी में ही करवाकर उसे निगम के वाहन को सौंपे आवासीय कालोनी में डस्टबीन के माध्यम से कचरा एकत्र करवाकर एक स्थान पर रखें, ताकि उसे निगम टेंचिंग ग्राउंड में डम्प करें। बैठक मे सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सहायक राजस्व अधिकारी, वूसली कार्य मे लगे कर्मचारी एवं स्वच्छ भारत मिषन सेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## स्वच्छता का संदेश लेकर घर-घर पहुँचे महापौर देवेन्द्र यादव

भिलाईनगर/स्वच्छता को लेकर निगम के नागरिकों एवं वार्ड में जन-जागरण के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने के लिए आज महापौर देवेन्द्र यादव ने वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी खम्हरिया पहुँचकर प्रातः 7.30 बजें से 11.30 बजें तक वार्ड के 65 घरों से घर-घर पहुँचकर रिक्शा मित्र बनकर स्वयं रिक्शा चलाते हुए घरों के गीले एवं सुखे कचरों को अपने हाथों में लेकर रिक्शा में कन्टेरों मे पृथक-पृथक रूप से डाला। सभी घर की महिलाओं को अपने-अपने घरों में गीले व सुखे कचरे पृथक-पृथक रख कर प्रतिदिन रिक्शा चालक को देने जागृत किया। और उनसे आग्रह किया कि वे वार्ड व शहर को स्वच्छ बनाने में अपना पुरा-पुरा सहयोग देवें।प्रातः महापौर देवेन्द्र यादव जोन अध्यक्ष राकेश अरोरा, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, वार्ड पार्षद श्रीमती नेहा साहू को रिक्शें एवं सिटी ध्वनी विस्तार यंत्र के साथ गाँव के घर-घर में कचरा लेने आने की जानकारी के साथ वार्ड के नागिरक युवा, महिलाओ के झुंड एकत्र होकर उनके साथ चलने लगे। जुनवानी खम्हरिया के नागरिक पार्षद काफी जागरूक है उनकी सोच पहल पर आज से हम सभी वार्डो में जन जागरण-जागरूकता का संदेश, भिलाई निगम में देवेगें। जिसमें प्रत्येक वार्ड का पुनः एक बार भम्रण कर यह जानकारी घर-घर पहुँचाने का प्रयास करूँगा। स्वच्छता अभियान के समाप्ति के पश्चात् उन्होनें वार्ड का निरीक्षण दौरा करते हुए सभी मुलभूत आवश्यकताओं से सबंधित निर्देश दियें। अन्त में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में समीक्षा बैठक भी आहूत की एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अब तक के किये गये कार्यवाही से सबंधित जानकारी ली।





## आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने जोन अनुसार विकास कार्यो कि मैराथन समीक्षा की

भिलाईनगर/आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में डिप्टी कलेक्टर अंशिका पाण्डेयए अधीक्षण अभियंता जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारियों के साथ किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक कि जिसमें कलेक्टर जन दर्शनए मुख्यमंत्री जन दर्शन आन लाइन प्रप्राप्त आवेदन घर-घर शौचालयए सामुदायिक शौचालय निजि शौचालय के साथ शासन के अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की कंडिकावार समीक्षा करते हुए कार्यो के विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रथम-जोन आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक घर-घर शौचालय के तहत 10 हजार शौचालय बनकर तैयार हो गया है। शौचालय बनवाने के बाद शासन की योजना से लोग बहुत खुश है। द्वितीय-प्रत्येक जोन अनुसार सप्ताह में एक दिन अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जावेगा। इस बात का ध्यान रखेगें कि जहाँ पर ज्यादे शिकायत है वहाँ पर पहले कार्यवाही करना है जिससे सड़कों पर आवागमन सुरक्षित हो सकें।तृतीय-निगम के भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा प्राप्त भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण को नियमितिकरण हेतु सर्वे की कार्यवाही कि जा रही है जिसमें शहर के बड़े-बड़ें भवन स्कुल महाविद्यालय इंजीनियरिंग कालेज सामाजिक संस्था अस्पताल नर्सिंग होम औद्योगिक संस्था कारखाना कोचिंग संस्थाएँ मैरिज प्लैस मंगल भवनए आवासीय फ्लेट व्यवसायिक काॅम्पलेक्स आदि सभी संस्थाओ को शासन के योजना अनुसार नियमितिकरण हेतु नोटिस दिया जावें। सम्बधित संस्था अपने आवेदन को निगम के भवन अनुज्ञा शाखा या टाऊन एण्ड कन्ट्री प्लानिग में निर्धारित समय अनुसार जमा कर देवें।



## कॉलेज के छात्र– छात्राओ नें मंत्री, विधायक, महापौर के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया

**भिलाईनगर**/वैशाली नगर कॉलेज के कैम्प्स मे आज कॉलेज के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, नगर विधायक विद्या रतन भसीन, महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी.ष्याम सुन्दर राव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, स्वास्थ्य प्रभारी वैशाली लक्ष्मीपति राजू जनप्रतिनिधियो के साथ उपस्थित हुए। छात्र एवं छात्राओ के साथ मिलकर कैम्प्स में कुदाल, बेलचा, धमेला आदि सामाग्री लेकर सबके साथ कैम्प्स सफाई अभियान मे जुट गये। मंत्री पाण्डेय ने सभी से कहा कि सभी लोग अपना–अपना जगह निर्धारित करके पुरे कैम्प्स क्षेत्र में फैल जाये और सफाई को पूरा करें। सफाई अभियान के पष्चात् कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया जिसमें छात्राओं ने बढचढ करके हिस्सा लिया। सभी लोगों ने वृक्ष लगाये, साथ ही उसके रक्षा हेतु प्रतिबधत्ता भी व्यक्त किये। सभी छात्रो एवं जनप्रतिनिधियों, कॉलेज के षिक्षक, छात्र नेता ने मिलकर के कैम्प्स को साफ रखने सकंल्प लिया। विधायक भसीन ने छात्रो से अवहान किया कि कॉलेज सफाई के साथ–साथ अपने आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ व साफ–सुथरा रखे, और लोगों को प्रेरित करें। महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा सफाई नियमित चलने वाले प्रक्रिया है हमें अपने दैनिक दिनचर्या में इसे लाना आवश्यक होगा। मत्री प्रेम प्रकाष पाण्डेय ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता का संदेश दिया था उसे पूरा करने की प्रेरणाा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिला, अब उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम विदेषो से अपनी तुलना तभी कर सकते है जब स्वच्छता को अपने जीवन में उतार लेगें।





**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

# नगर पालिक निगम भिलाई